हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 25 अगस्त 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर आज

**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने बिजली विभाग ने सोमवार 25 अगस्त को शिविर का आयोजन किया है। बिजली अधिकारी मिथलेश यादव ने बताया कि सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत भवन, जामगांव आर में यह शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक ही छत के नीचे ऊर्जा उपभोक्ता से सोलर प्लांट लगाकर ऊर्जा उत्पादन कर ऊर्जा दाता बनने हेतु योजना से सम्बन्धित जानकारी देने विभागीय अधिकारी-कर्मचारी के साथ रजिस्टर्ड वेंडर एवं बैंक के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि साथ ही सोलर प्लांट लगाने हेतु शिविर स्थल में ही पंजीकरण कराने की सुविधा रहेगी, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज यथा बिजली बिल की कॉपी, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की कॉपी सहित उपस्थित होना होगा।

### सीमांत-अभय चुने गए यूथ रेडक्रॉस कैंप के लिए



**अंडा।** स्वः पुकेश्वर भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवी सीमांत साहू एवं अभय कुमार यादव का यूथ रेडक्रॉस स्टेट लेवल ट्रेनिंग कैंप कुरुक्षेत्र हरियाणा में चयन हुआ है। उक्त ट्रेनिंग कैंप में दुर्ग जिले से चयनित स्वयं सेवक सीमांत और अभय कुमार आपदा प्रबंधन,प्राथमिक स्वस्थ जैसे तकनीक का प्रशिक्षण लेंगे। छत्तीसगढ़ के 23 स्वयंसेवक हरियाणा में प्रशिक्षण लेंगे जिसमें दुर्ग जिले से निकुम महाविद्यालय के छात्र इस शिविर में प्रतिभागी रहेंगे। प्राचार्य डॉ डी के बेलेन्द्र ने निकुम महाविद्यालय के दोनों को शुभकामनाएं दी है। रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमति अंजू रानी ठाकुर ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर जनपद सदस्य लीला बती रूपेश देशमुख, सरपंच भागवत पटेल रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर, डॉ सीमा जायसवाल ,पूजा अग्रवाल अन्नपूर्णा यादव डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा एवं डॉ शिप्पी देवांगन जीवंतिका ठाकुर ओमप्रकाश,कामता प्रसाद बंजारे अमित सिंह एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### विश्राम गृह में पौधारोपण



**उतई।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सक्षम जन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन के 48 वे जन्म दिन पर एक पेड़ मित्र के नाम मुहिम सक्षम जन फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज वृक्षारोपण किया गया। इसमें श्रीमती रजनी बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं और संस्था के कार्यो की सराहना करते हुए सदस्यों से चर्चा कर संस्था को पर्यावरण संरक्षण, वृद्ध सेवा और गौ रक्षा की जानकारी ली। कार्यक्रम में सोहन साहू, नरेन्द्र साहू,वार्ड पार्षद सोनू राजपूत,शिव ठाकुर, संगीत रजक, सुनीता चंद्राकर, विजय लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।

# उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण और नवाचार के लिए हुआ मंथन

## स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी के स्थापना दिवस पर आईक्यूएसी की त्रैमासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी



स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आई क्यू ए सी की त्रैमासिक बैठक 23 अगस्त को हुई। कार्यक्रम में समन्वयक श्वेता दवे ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता संवर्द्धन में आई क्यू ए सी की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

समिति के सदस्यों में सिद्धचलम लैबोरेटरी की वैज्ञानिक डॉ. संजू सिंह ने शोध एवं प्रयोगशाला के गतिविधियों की जानकारी दी, वहीं नटराज कच्ची घानी की संस्थापक चांदनी सोनी ने उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में अपने प्रेरक अनुभव प्रस्तुत किए। नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने विशेषकर छात्राओं को महाविद्यालय व कुम्हारी का नाम गौरवान्वित करने का संदेश दिया। उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर से संबद्ध एवं आई क्यू ए सी के प्रबंधक सदस्य डॉ. गोवर्धन यदु ने उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण और नवाचारपूर्ण शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में आई क्यू ए सी की अनिवार्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. श्रीमती सोनिता सत्संगी ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाविद्यालय के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्मृति स्वरूप वृक्षारोपण किया गया इसके साथ ही 'क्रिएटिव कॉर्नर' बनाया गया जो कि सभी के आकर्षण का केंद्र रहा और 'गुणवत्ता दर्पण' विवरणिका का औपचारिक विमोचन संपन्न हुआ।

बैठक के द्वितीय सत्र में डॉ. गोवर्धन यदु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन इ पी 2020 पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मौसमी राय चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रथम सत्र में डॉ. आरती वर्मा और द्वितीय सत्र में नेहा कुमारी ने दिया। इस अवसर पर पार्षद अश्विनी देशलहरे , महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारी, अभिभावक सदस्य और भूतपूर्व छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सामान्य सभा की बैठक 4 सितम्बर को




**दुर्ग।** जिपं के सामान्य सभा की बैठक 4 सितम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सुबह पहुंचे रविशंकर स्टेडियम, दोपहर बीजेपी कार्यालय में स्वागत

# 13 साल बाद दुर्ग जिला को मिला मंत्री पद गजेन्द्र बोले-जनता का भरोसा मेरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का रविवार को जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया गया। वे सुबह रविशंकर स्टेडियम पहुंचे। जहां बैडमिंटन ग्रुप, योगा ग्रुप और खिलाड़ियों से मुलाकात की। दोपहर को वे बीजेपी के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए।

इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि 13 साल बाद दुर्ग शहर को मंत्री पद मिला है। अंतिम बार 2012 में हेमचंद यादव को मंत्री पद मिला था। इसके बाद अब शासन में मंत्री बनने का मौका मिला है। गजेंद्र यादव ने मानस भवन के करीब स्थित अपने सरकारी निवास कार्यालय में जनता से संवाद भी किया। यादव ने कहा कि आपका विश्वास और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके सुझाव और अपेक्षाएं ही मेरे लिए मार्गदर्शन का कार्य करती हैं। क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहूँगा। अभिनंदन समारोह में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, दुर्ग निगम सभापति श्याम शर्मा, जागेश्वर साहू, कुम्हारी पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कीर्ति नायक, लीमन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**मंत्री के स्वागत में पार्टी कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़**





### कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से मिली सफलता



गजेंद्र यादव ने कहा कि यह जो सम्मान है यह मेरा नहीं है। यह सम्मान आपकी भावना का है। जब मैं विधायक बना विधायक टिकट मिला तो यहां के कार्यकर्ताओं ने इतनी मेहनत की। उसके बाद जनता ने आशीर्वाद दी। किसी ने यह सोच भी नहीं था कि मैं एक सामान्य कार्यकर्ता था। मैं 48697 वोट से चुनाव जाती। आप सभी के आशीर्वाद से मंत्री बना हूं। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने सोहरत लाल ताम्रकार, दाऊ कल्याण सिंह, ताराचंद जैन, मोहन भैया, ताराचंद साहू, हेमचंद यादव को काम करते देखा। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां लगातार राशन दुकान में चावल वितरण किया जा रहा है।

### सत्ता व संगठन में समन्वय से ही मिलती है जीत

भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि जिला मुख्यालय है। 12 साल हमें मंत्री नहीं मिला। स्व. हेमचंद्र यादव के 2013 के बाद से हमें कुछ नहीं मिला। आज भारतीय प्रत्येक कार्यकर्ता प्रण लें की सत्ता और संगठन समन्वय में बनकर एक ही दिखे मूल ही मंत्र है। सत्ता संगठन एक दिखना चाहिए। निश्चित तौर पर गजेंद्र यादव में वह क्षमता है। वह रचना है। वह योजना है। वह काबीलियत है, जो एक मंत्री में होनी चाहिए। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि आज के आयोजित अभिनंदन समारोह में समस्त जिला पदाधिकारी मंडल के समस्या 17 मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी जनपद के सदस्य पदाधिकारी सदस्य जिला पंचायत के सदस्य सबका में हार्दिक आभार है।

## राष्ट्रीय हैकाथॉन में सृष्टि ने बिखेरी चमक 600 प्रतिभागियों के बीच रही उपविजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

बेंगलुरु में यूआई पाथ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय हैकाथॉन एजेंटहैक इंडिया 2025 में देशभर से करीब 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एजेंटिक ऑटोमेशन पर केंद्रित इस प्रतियोगिता में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, कुम्हारी की प्रतिभाशाली छात्रा सृष्टि शर्मा ने अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत 600 नवाचारपूर्ण विचारों में से केवल 10 विचार ही ग्रैंड फिनाले के लिए चुने गए, जिनमें सुश्री शर्मा का विचार भी शामिल था। अपनी असाधारण समस्या-समाधान क्षमता, तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया और 1,00,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। सृष्टि की यह शानदार उपलब्धि न केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक ऑटोमेशन के क्षेत्र में उनकी निपुणता को दर्शाती है, बल्कि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. शिव दयाल पाण्डेय ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कुलसचिव प्रो. डॉ. मनीष उपाध्याय और डॉ. के. किशोर कुमार, डीन (एकेडमिक) ने भी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। कॉर्पोरेट रिसोर्स सेल और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय (फस्ट) ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं।

**पोला उत्सव धूमधाम से मना, अंचल में हुए विविध कार्यक्रम**

# महिलाओं-बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



भाद्रपद मास की अमावस्या को बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने समर्पित पोला त्योहार मनाया गया। बजरंग चौक सेलूद में हनुमान समिति के आयोजन में महिलाओ ने कुर्सी दौड़, नारियल फेक और मटका फोड़ में हिस्सा लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम किरण सोनवानी, द्वितीय पीताम्बरी साहू , मटका फोड़ में प्रथम सरस्वती सिन्हा एवं दीपिका चक्रधारी, नारियल फेक में प्रथम किरण सोनवानी और द्वितीय भोजेश्वरी साहू रही I बच्चो के द्वारा भी कुर्सी दौड़ रखी गई I सभी विजेतावो को हनुमान एवं राधा कृष्ण समिति बंजरंग चौक सेलूद के द्वारा उपहार दिया गया I उक्त कार्यक्रम में श्रीमति खेमिन साहू पूर्व सरपंच सेलूद, अजय सिंह ठाकुर अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर, संजय यदु वरिष्ठ कांग्रेसी, नेत्रपाल सिंह, अशोक जैन, बल्लू राय, महेश शर्मा, जगदीश, चेतन, उमेश सिन्हा, रामजी देवांगन, देवन ठाकुर, भागवत बंछोर, सरिता सिंग, सरोज मेश्राम, नम्रता टांक, दीपक सिन्हा, गंगा साहू, संतोषी विश्वकर्मा, ललिता साहू आदि मौजूद थे।

### पौधारोपण महाअभियान में भागीदारी दी ग्रामीणों ने



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में पोला पर्व पर वृक्ष मित्र मंडली ग्राम चंदखुरी द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन रविवार को मिनी स्टेडियम में किया गया। जहां स्टेडियम परिसर में 101 नीम का सामूहिक पौधारोपण किया जाएगा। मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग थी। वहीं श्रीमती आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य , विशेष अतिथि गोपाल यादव जनपद सदस्य, चंदखुरी, कविता ठाकुर सरपंच ग्राम चंदखुरी, योगिता यादव उपसरपंच ग्राम चंदखुरी, पूर्व जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, आयोजकः वृक्ष मित्र मंडली एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम चंदखुरी मुख्य कार्यकर्ता मनीष निर्मलकर सभापति राजस्व एवं वन विभाग, दिनेश ठाकुर,राहुल चंद्राकर भूपेंद्र सिन्हा,संजू देशमुख केवल यादव भूपेंद्र साहू खिलेंद्र देशमुख, यशवंत देशमुख,जीवन ढीमर,गौतम निर्मलकर,रोमनाथ यादव,दुर्गेश साहू,त्रिलोक यादव,सुनील देशमुख,सोहन सिन्हा,कुंज लाल देशमुख और प्रकाश निर्मलकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### निषाद बने नपा कुम्हारी के सांसद प्रतिनिधि

**कुम्हारी।** दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कुम्हारी नगर पालिका परिषद हेतु अपना प्रतिनिधि पूर्व पार्षद एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजू निषाद को नियुक्त किया है। गौरतलब है कि राजू निषाद का परिवार लंबे समय से राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, इनकी माताजी श्रीमती कमला निषाद वार्ड नंबर 15 से लगातार दो बार की पार्षद रही है, वे स्वयं 5 वर्षों तक पार्षद रहे, व आपकी धर्मपत्नी श्रीमती रागिनी निषाद भी पिछले कार्यकाल में पार्षद रही। आपके पिता पूर्व में निषाद समाज चरोदा परिक्षेत्र के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। इस नियुक्ति उपरांत नगर में कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। बधाई देने वालों में पार्षद लोकेश साहू, नगर पंचायत पाटन सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, पी.एन.दुबे, बबला चंद्राकर, राजकुमार शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, मिथिलेश यादव,अनुराग गुप्ता, छबी यादव, उमाकांत साहू, उमेश साहू ,अवधेश शुक्ला, राम कुमार सोनी, नारायण सोनकर, दीपक चतुर्वेदी,आशीष शुक्ला, सौरभ पांडे, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, आलोक दुबे, मोहित पटेल, विक्की सोनी, पंकज वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा चंद्राकर, श्रीमती सुनीता कुर्रे,श्रीमती रीता पाण्डेय, श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, श्रीमती योगिता वर्मा, आयुषी पाण्डेय, गिरीश सोनी, हीरा सिन्हा, फिंगेश्वर साहू, मुकेश पठारी, गोविंद बघेल, दीपक बैस, विवेक वर्मा, इमरान रिजवी, पुणेन्द्र पंथ, राजकुमार सिंह, जितेंद्र ध्रुव, कैलाश डोडवानी, श्रीमती उषा पांडे, श्रीमती नीतू पॉल, श्रीमती अनीता वर्मा, श्रीमती जयालक्ष्मी, श्रीमती स्मिता रघाटाटे, श्रीमती जूली सिंह, रेशम बंजारे, सूरज बंजारे एवं कमल बंजारे शामिल हैं।




### गजेंद्र के शिक्षा मंत्री बनने पर जताई खुशी



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी (शिकसा) छत्तीसगढ़ ने दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव के शिक्षा मंत्री बनने पर खुशी जाहिर करते हुए उनका अभिनंदन किया। संस्थापक व संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन आस ने कहा कि गजेन्द्र यादव बहुत ही मिलनसार है शिक्षा मंत्री बनने पर सभी शिक्षक बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। शिकसा परिवार से प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ बोधीराम साहू, उपाध्यक्ष प्रीति चन्द्र मल्लिका व हर्षा देवांगन, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, गोपाल धुव, नीता त्रिपाठी, ज्योति सक्सेना, संध्या पाठक, प्रतिभा त्रिपाठी, ऊषा भट्ट, चमेली साहू, होरी लाल चतुर्वेदी, विजय कुमार प्रधान, रामलाल कोशले , सहित आदि शामिल है।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने किया डायरेक्टरी का विमोचन



**धमधा।** प्रदेश छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की डायरेक्टरी का धमधा संघ ने बैठक कर विमोचन किया। इसमें पूरे राज्य क संघ और पत्रकार साथियों सहित विभागीय अधिकारी पुलिस विभाग, मंत्रालय, विधायक और मंत्री के संपर्क सूत्र स्थान की जानकारी है। जिला अध्यक्ष ललित साहू ने सभी सदस्यों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बधाई दी वही डायरेक्टरी सभी सदस्यों एवं अनुभाग के सभी अधिकारियों को को पुस्तिका वितरण किया। इस मौके कर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ताम्रकार, जिला सलाहकार विद्याभूषण ताम्रकार, ब्लॉक अध्यक्ष निकेत ताम्रकार, कोषाध्यक्ष कमलेश कोचर, सचिव रामकुमार यादव, उपाध्यक्ष अमन कुरैशी, दुलेश्वर साहू, सुधीर ताम्रकार, आशीष ताम्रकार, महेंद्र कुमार, सुरेंद्र यादव और वीर ताम्रकार मौजूद रहे।

### केबिनेट मंत्री गजेंद्र का किया अभिनंदन

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ शासन में शिक्षा मंत्री बनाये जाने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में पाटन विधानसभा के कार्यकर्तावो ने गजेंद्र यादव केबिनेट मंत्री का सम्मान किया I इस अवसर पर उत्तर पाटन के पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, मध्य पाटन के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहु, पूर्व जनपद अध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, दरबारमोखली मण्डल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू, जामगांव आर मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू, सुरेश साहू, महामंत्री कैलाश यादव, कृष्णकुमार साहू, भाजपा कोषाध्यक्ष सरपंच झीट राजू साहु, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, टामान लाल साहू, पुष्कर साहू, धर्मेंद्र सोनकर, अश्वनी साहू, लवकुश चंद्राकर, फेरहा राम धीवर, केशव बंछोर, शिवकुमार साहु सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत सत्कार किया।



**कौही, बोरेंदा व केसरा सहित कई गावों में शिकायत के बावजूद विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई**

# अवैध रेत का भंडारण, रेत माफिया के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



क्षेत्र के ग्राम केसरा, कौही व बोरेंदा सहित खारून नदी के किनारे गावों मे रेत का अवैध भण्डारण चल रहा है। रेत माफीयो के द्वारा गावों के जमीनों पर कब्ज़ा कर इस अवैध कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, इस पर खनिज विभाग व राजस्व विभाग पाटन का कोई ध्यान नहीं है किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया जा रहा है जिससे की इन लोगो की हौसले बुलंद होते जा रहे है।

गावों मे रेत का भण्डारण शासकीय जमीन पर कब्ज़ा कर किया गया है। जहां जगह मिले, वहां रेत का ढेर लगा दिया गया है। इन पर पंचायत के पदाधिकारीगण भी आवाज नहीं उठा रहे है। गांव के लोगो का कहना है की जब कोई व्यक्ति अपने घर के आसपास छोटे से जगह को कब्जा करता है तो अधिकारी सहित पंचायत के लोग उसे हटाने लग जाते है लेकिन रेत माफिया के द्वारा घास जमीनों पर व शासकीय कार्यालय सही शासकीय भवनो के सामने रेत का भंडारण किया गया है। उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रहा है। ग्राम कौही मे तो मंदिर परिसर, रिपा पार्क सहित मवेशियो के चारागाह की जगहों पर रेत भण्डारण कर रखा गया है। वही बोरेंदा मे शासकीय जंगलो, रास्तो सहित नदी के किनारे शासकीय जमीनों पर रेत माफीयो के द्वारा रेत का भण्डारण किया गया है। यही हाल ग्राम केसरा का है जिसको जँहा जगह मिली वंहा रेत का भंडार किया गया है।

### ज्यादा दाम मे हो रहा है परिवहन

इन दिनों सुबह व शाम रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। इस पर ना ही पाटन के अधिकारी कार्रवाई कर रहे है और न ही खनिज विभाग इस पर लगाम लगा पा रहा है। क्षेत्र के लोगो ने इन पर ठोस कार्रवाई का इंतजार कर रहे है।खनिज अधिकारी और रेत माफिया के साठ गांठ होने के करना रेत का भंडारण कही भी जाम कर दे रहा है और बरसात के मोसम में रेत को अधिक दामों में बेचे जा रहे है। इसके लिए रेत माफिया कही भी भंडारण कर जगह पर कब्जा किए हुए हैं।

### कर रहे हैं कार्रवाई

अवैध रेत खनन और भंडारण की मुझे बार बार शिकायत मिल रही है। जहां-जहां अवैध रेत का भंडारण है सभी जगह तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।

**-दीपक मिश्रा,** वरिष्ठ खनिज अधिकारी दुर्ग

### आर्टकॉम ने किया सुपेला चौक में पौधों का वितरण

**भिलाई।** आर्टकॉम ने सुपेला चौक में पौधा वितरण किया। संचालक निशु पाण्डेय, गुरनाम सिंह ने बताया कि हर आँगन एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण जारी है। संस्था के सभी सदस्यों ने सुपेला चौक में जिम्मेदार नागरिकों को पौधों का वितरण किया। संस्था के संरक्षक करमजीत सिंह ने पौधा लेने वाले सभी लोगों को अपने आँगन में पौधा रोपने व पौधों को बड़े करने कि जिम्मेदारी लेने हेतु आभार व्यक्त किया। इसी कड़ी में आर्टकॉम के मीडिया सलाहकार अमिताभ भट्टाचार्य एवं संरक्षक डॉ रमेश श्रीवास्तव नें राहगीरों एवं शहर के गणमान्य लोगों को रोककर अपने स्वयं व परिवार के लिये शुद्ध प्राणवायु हेतु पौधरोपण करने संकल्प दिलाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य मौजूद थे।

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

12 13 साल बाद दुर्ग जिला को मिला मंत्री पद गजेन्द्र बोले- जनता का भरोसा मेरी ताकत



10 इंदौर में मॉनिटरिंग के लिए आईसीसीसी कंट्रोल रूम, कचरे से बने खाद का उपयोग








## खबर संक्षेप

### महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जोरातराई नहर रोड गौरा चौक के पास एक महिला खुशी बिरयानी दुकान में अवैध रूप से गांजा बेच रही थी। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी उसे पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में महिला ने अपना नाम गौरा चौक ग्राम जोरातराई निवासी ममता महिलांगे बताया है।महिला के पास से पुलिस ने गांजा, एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया। गांजा रखने को लेकर नोटिस दिया गया जिसके द्वारा कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उतई टीआई महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**भिलाई।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि एचएससीएल कालोनी मरोदा निवासी दीक्षा दुबे और पति एकल कुमार उर्फ राजेश दुबे ने शनिवार की रात को गला दबाकर हत्या कर दिया। घरेलू विवाद के चलते दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ उसके बाद आक्रोश में आकर पति एकल ने गला दबा दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। गौरतलब हो कि घटना की जानकारी लगने पर नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और पति एकल को रात को ही हिरासत में लेकर पूछताछ किया। विवाद के कारण हत्या करना आरोपी ने स्वीकार किया।

### बंदर को लेकर आपस में जमकर मारपीट, तीन पुलिस गिरफ्त में


**भिलाई।** पड़ोसन को बंदर भगाने को लेकर हुए मारपीट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 23 अगस्त को थान बाई के द्वारा अपने पड़ोसन को बंदर को भगाने की बात कर रही थी। इस दौरान पर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया। थान बाई का पति पंचू पीडिताओ को देख लूंगा कहकर अपने बेटा रायपुर निवासी पप्पु वर्मा को फोन कर ग्राम घोटवानी बुलया था। जिस पर पप्पू दो वाहनों में दोस्तो के लेकर गांव पहुंचा जहां पीडिता के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से महिलाओ को बाल पकडा। उनके कपड़े भी फाड़ दिए और धारदार हथियार से वार भी किया। पंचू वर्मा, थान बाई वर्मा, पप्पू वर्मा समेत साथियो द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर पीड़िताओं पर हमला किया। शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ग्राम घोटवानी निवासी पंचू वर्मा, प्रेमनगर गुडियारी रायपुर संगम मेश्राम, परपोड़ी बेमेतरा राकेश वर्मा,प्रभात चंदेल को गिरफ्तार किया।

### प्रभावित किसानों को टावर बेस के लिए 200 प्रतिशत की जगह 80 प्रतिशत से किया मूल्यांकन

# जिले के 1650 किसानों का 49 करोड़ के टावर मुआवजे को लेकर तकरार

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

पावरग्रिड रायपुर पूल-धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा किसानों के खेतों में बिजली लाइन टावर लगाने के बाद उसके मुआवजा में रार की स्थिति आ गई है। किसानों को टावर बेस के लिए जमीन का बाजार मूल्य से 200 प्रतिशत और राईट ऑफ वे कॉरिडोर के लिए 30 प्रतिशत मुआवजा देने का गाइड लाइन जारी हुआ है । इधर राजस्व विभाग ने किसानों का जो मुआवजा निर्धारण किया है उसमें जमीन का बाजार मूल्य से 80 प्रतिशत और राईट ऑफ वे कॉरिडोर के लिए 15 प्रतिशत के हिसाब से किया गया है। जिसकी वजह से प्रशासन और किसानों में तकरार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रभावित किसानों ने कम मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है।



### दुर्ग जिले के 1650 किसानों का 49 करोड़ मुआवजा प्रकरण लटका

बिजली लाइन टावर को लेकर दुर्ग जिले के 1650 किसानों का करीब 49 करोड़ का मुआवजा प्रकरण बना है। राजस्व विभाग ने पटवारी और तहसीलदार के माध्यम से मुआवजा प्रकरण तैयार किया है। दुर्ग ब्लॉक,धमधा और पाटन ब्लॉक के किसानों की खेतिहर जमीन इससे प्रभावित हुई है। विभाग ने दो तरह के मुआवजा प्रकरण बनाए है। पहला उन किसानों का जिनके खेतों में बिजली टावर लगा है। दूसरा वे किसान जिनके खेतों से टावर लाइन होकर गुजरी है।

### 100 गांव के किसान को मिलना है मुआवजा

बिजली टावर लाइन 100 गांवों से होकर गुजरी है। अकेले दुर्ग तहसील में 30 गांव के लोगों की जमीन टावर लाइन के लिए अधिग्रहित की गई है। पाटन और धमधा में 70 गावों के लोगों की जमीन अधिग्रहित की गई है। 400 केवीए और 132 केवीए क्षमता वाले टावर लाइन खेतों में लगाए गए हैं।



### किसानों ने उतई में बैठक लेकर जताया विरोध

**उतई।** ग्राम मचांदुर में 400 के.वी. ट्रांसमिशन टावर लाइन से प्रभावित किसानों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें ग्राम मचांदुर, कातरों और मातरो के सैकड़ों किसान शामिल हुए। इस दौरान जसलोक साहू, रनमत साहू, गजेन्द्र साहू सहित अन्य किसानों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें मुआवज़ा राशि में गंभीर भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने शासन की गाइडलाइन का हवाला देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश 10 मार्च 2025 के अनुसार टावर बेस हेतु भूमि मूल्य का 200 प्रतिशत तथा राइट ऑफ वे कॉरिडोर हेतु 30 प्रतिशत मुआवज़ा मिलना चाहिए। लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि उन्हें टावर बेस का केवल 80 प्रतिशत और राइट ऑफ वे का मात्र 15 प्रतिशत ही दिया जा रहा है, जो शासन के आदेश का उल्लंघन है।

### किसानों ने किया मुआवजा लेने से इनकार

उतई, मंचादुर, कातरो, मातरो, नगपुरा , बोरई के प्रभावित किसान ढ़ालेश साहू, रनमत साहू, जसलोक साहू, गजेन्द्र कुमार, थानसिंग, पुकेश साहू आदि ने बताया कि टावर लाइन का जो मुआवजा दिया जा रहा है वह गाइड लाइन के हिसाब से नहीं है। 10 मार्च 2025 के शासन ने आदेश जारी किया है उसके हिसाब से टावर बेस के लिए भूमि के बाजार मूल्य का 200 प्रतिशत और राइट ऑफ वे कॉरिडोर के लिए 30 प्रतिशत मुआवजा मिलना चाहिए। लेकिन किसानों को टावर बेस के लिए केवल 80 प्रतिशत और राईट ऑफ वे के लिए महज 15 प्रतिशत भुगतान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी निजी कृषि भूमि पर उच्च वोल्टेज टावर खड़े कर दिए गए हैं, जिससे खेती पर स्थायी नुकसान हो रहा है। पहले से कम दर पर दिए गए मुआवजे को संशोधित कर शेष राशि तुरंत दी दिया जाए।

### धमधा से कुरूद तक बिछाई गई है टावर लाइन

हाई टेंशन लाइन धमधा से कुरूद धमतरी तक बिछाई गई है। धमधा से दुर्ग ग्रामीण से होते हुए पाउवारा, उतई, सेलूद होते हुए पाटन के गांवों से गुजरी है। राजनांदगांव के सोमनी से गुरूर होते हुए बालोद जिले से गुरूर होकर धमतरी कुरूद तक पहुंची है। इस तरह तीन जिलों के 300 से ज्यादा गांवों के खेतों से हाई टेंशन लाइन बिछाई गई है।

### आदेश अभी का, प्रकरण पहले का बना है

टावर लाइन का वर्क 2023-24 में पूरा कर लिया गया है। इसी साल के गाइड लाइन के हिसाब से प्रभावित किसानों का मुआवजा भी बनाकर हमने भेजा और वह स्वीकृत हो चुका है। 10 मार्च 2025 को नई गाइड लाइन आई है। लेकिन प्रकरण पहले का है इसलिए नया गाइड लाइन लागू नहीं होता। - **हरवंश सिंह मिरी,** एसडीएम

# रसूखदारों के जुए फड़ में रेड, जलाराम कैटर्स के संचालक सहित कई गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई. दुर्ग पुलिस ने शनिवार 23 अगस्त की रात वैशाली नगर गोलबाजार के पास जलाराम कैटर्स के पीछे छापामार कार्रवाई कर 11 लोगों को जुआ का दांव लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उसमें जलाराम कैटर्स के संचालक राजेश नथवानी उर्फ बंटी जलाराम सहित कई बड़े लोग शामिल हैं।

वैशाली नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि जलाराम कैटर्स के पीछे कुछ बड़े व्यापारी, बिल्डर्स और अन्य लोग बड़ा जुआ खेलते हैं। 23 अगस्त की रात 9 बजे पुलिस को सूचना मिली की फिर से कई लग जुआ खेलने बैठे हैं। सूचना मिलते ही दुर्ग एसएसपी ने एक टीम गठित की और वहां छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने सबसे पहले जलाराम कैटर्स के पीछे के पूरे हिस्से की घेराबंदी की उसके बाद उस जगह छापा मारा जहां सभी लोग जुआ का दांव लगाने जुटे थे। पुलिस को देखते ही सभी लोग हड़बड़ा गए, लेकिन पहले से घेराबंदी होने के चलते वो लोग भाग नहीं सके। पुलिस ने मौके से 2 लाख 10 हजार रुपए नकद, 11 फोन और 52 पत्ती ताश जब्त किया है। सभी आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मामले को रफादफा करने रातभर चला खेल

जुआ की फड़ में पकड़े गए सभी लोग काफी हाई प्रोफाइल और पहुंच वाले थे। कई लोग वैशाली नगर थाने भी पहुंचे, लेकिन एसएसपी विजय अग्रवाल ने सीधे कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के साथ कार्रवाई की गई इसके बाद उन्हें मुचलके पर छोड़ा गया।

### ये लोग पकड़े गए

राजेश नाथवानी उर्फ बंटी जलाराम केपीएस स्कूल के पास सुंदरनगर, गोपाल कुमार अग्रवाल स्मृतिनगर, प्रदीप लाया शांतिनगर, एके जैन, बुधराम निर्मलकर पोलसाय पारा दुर्ग, मनोज सिंह जामुल, पवन कुमार वैशालीनगर, अनुप कुमार धौटे खम्हरिया, शंक गेडवानी संतराबाड़ी दुर्ग, विनोद अग्रवाल शांतिनगर और रोहन अग्रवाल हाउसिंग बोर्ड जामुल शामिल हैं।

# वर्क फ्राम होम का झांसा देकर महिला से 12.29 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वर्क फ्राम का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी दुर्ग निवासी भोली पिपरिया इंस्टाग्राम मे आनलाईन के माध्यम से वर्क फ्राम होम नौकरी का विज्ञापन देखा। फिर अज्ञात ने महिला को आनलाईन टास्क पुरा करने का झांसा देकर 12.29 लाख रूपये का ठगी किया। पीड़िता को आनलाईन कार्य (वर्क फ्राम होम) का झांसा दिया। लालच में महिला को इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम के द्वारा झांसा दिया। नौकरी का विज्ञापन देखा जिसमें आनलाइन रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क कर पैसे कमाने का झांसा दिया। विज्ञापन में क्लिक कर व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज करने को कहा गया। रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क बहुत छोटे और सरल टास्क थे। टास्क पूरा करने पर अज्ञात तुरंत ही थोड़ी राशि लौटा दिया। जिससे महिला का विश्वास बढ़ा। पीड़िता को अज्ञात यूज़र आईडी दी गई और टेलीग्राम पर मैसेज करने को कहा गया। उसके बाद ग्रुप में प्रतिदिन लगभग 20 कार्य दिए जाते थे। रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क होते थे। लेकिन बीच-बीच में इन्वेस्टमेंट टास्क भी रखे जाते थे।शुरुआत में एक हजार क निवेश कराया गया। निवेश करने के तुरंत बाद रिफंड देकर यह दिखाया जाता कि राशि वापस मिल रही है। धीरे-धीरे निवेश की राशि बढ़ा गया। उसके बाद अलग-अलग समय उक्त रकम निवेश करने के बाद अज्ञात ने नहीं लौटाया।

# तेज रफ्तार ट्रक दुकान में घुसा, शिव लिंग के पास जा रुका, लोगों की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक देर रात सर्विस रोड पर बने दुकान में जा घुसी घटना में आसपास के लोग बाल-बाल बच गए। घटना खुर्सीपार गेट चौक के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक पीबी 65 एएक्स 8476 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए देर रात सीधे दुकान में जा घुसा दिया। ट्रक रायपुर से भिलाई की ओर आ रही थी। तभी खुर्सीपार गेट के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सर्विस रोड के दुकान में जा घुसी घटना में दुकान में कोई नहीं थी। लेकिन आसपास एक बड़ा मकान भी है। जैसे ही देर रात ट्रक घुसने पर धमाके की आनाज आने पर आसपास के लोग बाहर निकल गए। जहां ट्रक में चालक फंसा हुआ था जिसे बाहर निकाला गया।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की आई कमी , लोगों को उमसभरी गर्मी से मिली राहत

# खाड़ी में बना सिस्टम, उमड़-घुमड़ कर चले जा रहे हैं बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मौसम में इन दिनों व्यापक बदलाव होने लगा है। खाड़ी में ऐसा सिस्टम बन रहा है कि कभी भारी बारिश हो जाती है तो कभी बादल उमड़-घुमड़ कर चले जाते हैं। मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक कहीं हल्की बारिश तो कहीं तेज बारिश की चेतावनी दी है। पिछले तीन दिनों से बारिश होने की वजह से तापमान में भी गिरावट आई है। दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान में कमी आई है। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है।




### औसत बारिश में 4 मिलीमीटर की कमी

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में औसत बारिश में 4 मिलीमीटर की कमी बनी हुई है। 24 अगस्त 2024 को 736.6 और इस वर्ष इस अवधि तक 708.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिस हिसाब से अगस्त महीने में इन दिनों बारिश हो रही है उससे आने वाले दिनों में यह अंतर भी कम होने की उम्मीद बनी हुई है।

### इस तरह काम कर रहा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर नाक रहा है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और उसके बाद धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, प्रयागराज, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास के निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र, पुरुलिया, दीघा से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। अगले 48 घंटों के दौरान जोडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दवाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 25 अगस्त को प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## उद्योगपति फैक्ट्री और घर के बाहर तरफ भी सीसीटीवी कैमरा लगाएं



**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। एसपी अग्रवाल की पहल पर कंट्रोल रूम, सेक्टर- 6 स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई। संघ के अध्यक्ष केके झा सहित अन्य पदाधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में अपराधों को रोकने के अपने कुछ सुझाव दिए। एसएसपी ने सभी सुझाव और मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इन मांगों का निराकरण कर दिया जाएगा।

- **एमएसएमई जिला उद्योग संघ के पदाधिकारी मिले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से**

बैठक में एसएसपी ने जानकारी ली कि किन उद्योगपतियों ने अपनी फैक्ट्री और निवास में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। उन्होंने सभी से फैक्ट्री और घर के बाहर एंट्री पर कैमरे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज आपराधिक घटनाओं को पर्दाफाश करने में सीसीटीवी कैमरे का बहुत बड़ा रोल है। संघ के अध्यक्ष झा का कहना था की फैक्ट्री और घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव काफी अच्छा है। इससे न केवल हम सभी उद्योगपति बल्कि पुलिस प्रशासन को भी अपराध रोकने में बड़ी मदद मिलेगी।उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने छावनी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की मांग की। उनका कहना था कि यह चौक काफी बड़ा है। यहां ट्रैफिक बहुत ज्यादा है तथा छोटे बड़े वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों का काफी दबाव है। यहां आए दिन दुर्घटना होते रहती है। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सायरन के साथ पुलिस पुलिस पेट्रोलिंग की भी मांग की।एसपी श्री अग्रवाल ने इस मांग को गंभीरता से लिया और आश्वस्त किया कि जल्द ही छावनी चौक पर ट्रैफिक का एक जवान तैनात किया जाएगा। बैठक में सीएसपी डॉ. संकल्प राय ने साइबर क्राइम से बचने के कई उपाय बताए। बैठक में आरके सिंह, पवितर सिंह, मनोज अग्रवाल, सरबजीत सिंह, अंशुल जैन, शिवम बंसल, अभिजीत शुक्ला, अनिल शुक्ला, देशराज यादव, रामकुमार बंसल, नरेंद्र अग्रवाल, अंकित मेहता, विवेक सूरी, विवेक झा, श्रीकांत अग्रवाल, जेके जैन, मयूर कुकरेजा, गुरमीत सिंह, प्रिंस खबरवाल, बलप्रीत सिंह, अंगद सिंह एवं पीआरओ रवि शर्मा उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## किसी भी कॉलेज के विकास के लिए नैक मूल्यांकन आवश्यक : डॉ. सलूजा



**भिलाई।** महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जगजीत कौर सलूजा विभागाध्यक्ष भौतिक साइंस कॉलेज दुर्ग उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिमा छाया क्लॉडियस, प्राचार्य भिलाई महिला महाविद्यालय ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी संस्थान का मुख्य उद्देश्य होती है। नैक इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने अपने व्याख्यान में नैक की उपयोगिता, गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा शैक्षणिक संस्थानों में आत्म-मूल्यांकन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

- **महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

उन्होंने उपस्थित प्राध्यापकों के प्रश्नों का समाधान करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आत्म-मूल्यांकन एवं सतत सुधार आवश्यक हैं। उप प्राचार्य डॉ. आशा रानी दास ने महाविद्यालय के सतत विकास हेतु सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नैक समन्वयक डॉ. रूपम अजीत यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं अशैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

## तुलाराम कॉलेज में एक दिवसीय शोध संगोष्ठी और सम्मान समारोह आज

**भिलाई/ उतई।** शोध केन्द्र हिन्दी विभाग शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई द्वारा 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे से महावीर अग्रवाल एवं डॉ. कोमल सिंह सार्वा व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर एक दिवसीय शोध संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित है। इस अवसर पर प्रतिभागी वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार सर्वश्री रवि श्रीवास्तव, परदेशीराम वर्मा, लोकबाबू एवं कैलाश वनवासी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश पांडे करेंगे। इस दौरान महावीर अग्रवाल एवं डॉ. कोमल सिंह शार्वा द्वारा शोध केन्द्र, हिन्दी विभाग को सौंपी गयी पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं के खण्ड का उद्घाटन भी किया जाएगा।

● मड़ियापार में पोरा उत्सव में शामिल हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

# जिस जगह पर पिछले 62 सालों से बैल दौड़ का आयोजन, वहां बनेगा 50 लाख की लागत से स्टेडियम, पारंपरिक खेलों को मिलेगा प्रोत्साहन

**मड़ियापार में अब 50 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम तैयार किया जाएगा। बता दें कि जिस जगह पर पिछले करीब 62 सालों से बैल दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। पोरा उत्सव मनाया जा रहा है। उस जगह पर मिनी स्टेडियम बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पोरा उत्सव के दौरान इसकी घोषणा की। वे मड़ियापार में आयोजित तीन दिवसीय उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। बैल सजावट, बैल दौड़, गेड़ी दौड़, कब्बड्डी, रस्सीखींच, फुगड़ी, सुआ नृत्य, कुर्सी दौड़ और धीमी साइकिल रेस के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीजेपी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जितेंद्र साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।**

**दुर्ग।** जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा देर रात धमधा के ग्राम मड़ियापार पहुंचे। वे यहां पर आयोजित तीन दिवसीय पोरा महोत्सव एव किसान उत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। शर्मा ने इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ के संस्कृति से जुड़े पारंपरिक त्यौहार पोरा की बधाई एव शुभकामनाएं दी। ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम मड़ियापार में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोकपर्व को महोत्सव के रूप में मनाने के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया। शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े पोरा तिहार को ग्राम मड़ियापार के लोग विगत कई वर्षों से महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं। आयोजन का यह 62वां वर्ष है। इस संस्कृतिक को बढ़ाते हुए भव्य आयोजन को लेकर मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई।





### आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

महोत्सव में बैल सजावट, बैल दौड़, गेड़ी दौड़, कब्बड्डी, रस्सी खिंच, फुगड़ी, सुवा नृत्य, कुर्सी दौड़ और धीमी सायकल रेस की प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, सरपंच जनिता निषाद, महोत्सव के संयोजक डॉ. सुनील साहू सहित अन्य मौजूद थे। तीन दिनों तक चले इस उत्सव पर प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पारंपरिक व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

### आसपास के 25 से ज्यादा गांव के ग्रामीण हुए शामिल



आयोजन में आसपास के 25 से ज्यादा गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विधि-विधान से बैल की पूजा की गई। पोरा उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सहयोग करने वाले समिति सदस्यों, गांव के प्रतिभावान सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही भविष्य में और भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## कक्षाओं में पढ़ाई के दौरान विद्यार्थियों को गतिविधियों के जरिए भी समझाने के निर्देश

**भिलाई।** आत्मानंद स्कूल रिसाली में विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दुर्ग ब्लॉक का आयोजित किया गया। इसमें सरस्वती देवांगन, प्रेमलता गुप्ता, साइंस कुमारी नेताम, खेमराज साहू बीआरजी द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। साथ ही देवेंद्र तिवारी प्रधान पाठक द्वारा योग के महत्व को बताया। डाइट से जुड़ी जानकारी संगीता साहू ने दी।

नेमसिंह साहू वरिष्ठ संकुल समन्वयक ने पाठ को पढ़ाने के पूर्व शिक्षक को पूरी तैयारी के साथ कक्षा में उपस्थित रहने की नसीहत दी। पाठ में आ रही गतिविधियां भी कक्षा में कराई जाए। पाठ का शीर्षक एवं कवि एवं रचनाकार के बारे में भी जानकारी बच्चों को दें।



समय समय पर शिक्षकों द्वारा गीत, पाठ प्रदर्शन,जादू, खेल, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण, कला शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा की भी जानकारी बीआरजी ग्रुप ने दी। समय-समय पर विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, बीआरसी श्रवण सिन्हा ने भी प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी।

## नुआखाई पर्व पर अवकाश घोषित किए जाने पर उत्कलवासियों ने माना आभार



**भिलाई।** उत्कल समाज के नुआखाई पर्व पर छग शासन ने 28 अगस्त को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इससे समाज में खुशी की लहर है।

छत्तीसगढ़ उत्कल समाज के अध्यक्ष वकील तान्डी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का आभार व्यक्त किया। प्रदेश में उत्कल समाज की जनसंख्या 50 लाख से अधिक है। प्रदेश के 8 जिलों के 36 विधानसभा सीटों पर इनकी भूमिका निर्णायक है। राज्य की सीमावर्ती पूर्वी पट्टी कोंटा से किरोया तक सैकड़ों गांव सहित प्रमुख जिले रायपुर, महासमुंद, रायगढ़, दुर्ग व प्रमुख नगर व शहर में समाज के लोग निवासरत है। दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर, वैशाली नगर, पाटन व अहिवारा हैं। प्रत्येक जिले में 2-3 लाख उत्कल समाज के लोग निवासरत हैं। उत्कल समाज की बाहुल्यता को देखते हुए 28 अगस्त को नुआखाई पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उत्कल समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग कलेक्टर सहित शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

जिला एवं सत्र न्यायालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, दी गई जरूरी जानकारी

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-साक्ष्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में न्यायाधीश, अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अफसर शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग, उनकी स्वीकृति तथा साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत उनके महत्व की सम्यक समझ विकसित करना था। विशेषज्ञ वक्ताओं ने डिजिटल साक्ष्य के संकलन, संरक्षण, प्रस्तुतीकरण एवं प्रमाणिकता पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विशेषज्ञ वक्तागण ने कहा कि डिजिटल युग में न्याय वितरण प्रणाली की दक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-साक्ष्य का समुचित प्रयोग अत्यंत आवश्यक है।

## न्यायालयीन मामलों में भी डिजिटल क्रांति, ई-साक्ष्य और ई-समन के जरिए कोर्ट से थाने में पहुंचेगा आदेश



### डिजिटल क्रांति का युग, होंगे अमूल-चूल परिवर्तन

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस विभाग में डिजिटल क्रांति की नई शुरुआत हुई है। एनआईसी द्वारा विकसित ई-साक्ष्य और ई-समन पोर्टल के माध्यम से अब पुलिस कार्यप्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन होगा। विवेचकों को इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। ई-साक्ष्य ऐप के जरिए अब अपराध स्थल से डिजिटल तरीके से साक्ष्य इकट्ठा किए जा सकते हैं। यह विशेष रूप से महिलाओं और पीड़ितों के खिलाफ होने वाले अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति को लागू करने में मददगार साबित होगा। नए आपराधिक कानून के तहत, 7 साल से अधिक सजा वाले मामलों में ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। विवेचकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपराध स्थल से एकत्रित डिजिटल साक्ष्यों को एफआईआर से लिंक कर साक्ष्य लॉकर में अपलोड करें। न्यायाधीशगण, अभियोजन अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारीगण मिलकर यदि तकनीकी साक्ष्यों का सही उपयोग करें, तो न्याय की प्रक्रिया और भी अधिक सुदृढ़ होगी। पक्षकारों को त्वरित न्याय प्रदान करने में अत्यंत सहायता मिलेगी। अभियोजन अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों ने भी इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और ई-साक्ष्य के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित होगा।

### डिजिटल रूप में कार्य करने से समय की होगी बचत

वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल रूप में कार्य करने से समय की बचत होगी। ई-समन पोर्टल के माध्यम से अब न्यायालय से जारी समन और वारंट सीधे डिजिटल रूप में थानों को प्राप्त होंगे। इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और समय की बचत होगी। सभी थानों के कार्यालय में नियुक्त आरक्षी (मुंशी) और सीसीटीएनएस कर्मियों को इस नई व्यवस्था की जानकारी दी गई है। यह डिजिटल प्रणाली न केवल कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि अपराधियों को सजा दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साक्ष्य संकलन में होने वाली त्रुटियों को भी इससे कम किया जा सकेगा।

## सिटी इवेंट

# श्रावण सखी स्पर्धा...शिवलिंग बनाकर फूल-पत्तों की सजावट की, मिला सम्मान



**दुर्ग।** वनिता मंडल पद्मनाभपुर में श्रावण सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुंदा खानखोजे के घर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह पूर्वक उपस्थिति दी। श्रावण सखी प्रतियोगिता में शिवलिंग बनाकर फूलों, पत्तों की सजावट की गई, जिसमे निर्णायक रेखा देशपांडे और प्रभा पाटणकर थीं। इस प्रतियोगिता मे सात सखियों ने भाग लिया। उनमें वैशाली देशपांडे, सुप्रिया खरे,ज्योति टेनी, रोहिणी पाटणकर, अनुराधा भारद्वाज, मनीषा सहस्त्रबुद्धे, अपर्णा सेवालकर शामिल थीं। इसमे प्रथम पुरस्कार वैशाली देशपांडे को दिया गया, जो सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका हैं। अपनी कला और सामाजिक कार्य में उनका का महत्वपूर्ण योगदान है। द्वितीय पुरस्कार अनुराधा भारद्वाज, तृतीय पुरस्कार ज्योति टेनी को दिया गया।

## धर्म लाइव

# दसलक्षण महापर्व 28 से, 6 सितंबर को नगर भ्रमण को निकलेगी शोभायात्रा



**दुर्ग।** दस दिवसीय महापर्व दस लक्षण पर्यूषण पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है।श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पद्मनाभपुर में ट्रस्टी व प्रबंधकारणी की बैठक हुई। इस बैठक में प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी महापर्व दसलक्षण पर्व 10 दिन तक निरंतर मनाने पर की सहमति बनी। संजय बोहरा ने बताया की सकल जैन समाज के लिए यह सबसे बड़ा पर्व होता है, जिसे 10 दिन तक निरंतर पूरे विधि-विधान से पूर्ण किया जाता है। इस पर्व में समाज का हर धर्म प्रेमी बंधु अपनी इच्छा शक्ति से धर्म की आराधना तो करता है लेकिन इस 10 दिवस त्याग की भावना भी मन में संकल्प ले त्याग करता है। प्रबंध कार्यकारणी समिति के अध्यक्ष रमेश बाकलीवाल ने बताया कि इस 10 दिनों का आयोजन 28 अगस्त को शुरू होगा, जो 6 सितंबर तक चलेगा। प्रतिदिन नित्य मंदिर में कार्यक्रम होंगे। सचिव राकेश जैन ने बताया कि इस दस दिवसीय महापर्व 10 लक्षण पर 10 दिन तक विद्वान अक्षय शास्त्री के सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन होना है। संजय बोहरा ने बताया कि प्रतिदिन भगवान जिनेंद्र देव की पूजा, अर्चना, अभिषेक, शांति धारा होगा। शाम के समय संगीतमय महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को मंगल भव शोभायात्रा भगवान जिनेंद्र देव की निकलेगी।

## सिटी इवेंट

# भिलाई की उषा बनीं आयकर अफसरों के संघ की उपाध्यक्ष, मिला प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** भिलाई में पदस्थ आयकर अधिकारी उषा शैलेष को आयकर राजपत्रित अफ़सर एसोसिएशन (आईटीजीओए) में उपाध्यक्ष चुन लिया गया है। आयकर अफसरों के इस अधिकृत संगठन के 96 साल के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी महिला को समूचे मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ स्तर पर नेतृत्व में जवाबदारी मिली है। आयकर राजपत्रित अफ़सर एसोसिएशन की 48 वीं द्विवार्षिक सामान्य सभा (2025-27) का आयोजन 21 और 22 अगस्त को इंदौर में किया गया था। इस बैठक में केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष संजय रामटेके भोपाल से, उपाध्यक्ष उषा शैलेष और विजय गुप्ता, महासचिव डॉ. दीपक कुमार और अतिरिक्त सचिव अंबरीश कुमार चुने गए हैं। उपाध्यक्ष उषा शैलेष ने मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के हर चार्ज में एक महिला शिकायत सेल गठित करने के निर्णय की जानकारी दी। उषा शैलेश के उपाध्यक्ष चुने जाने पर समूचे मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के आईटीजीओए सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।





- 96 साल पुराने संगठन में पहली बार महिला पदाधिकारी केंद्रीय नेतृत्व में

### आज से मां कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक में तीन दिवसीय तीजा तिहार का आयोजन

**भिलाई ।** मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति मरोदा टैंक के तत्वावधान में 25 अगस्त से तीन दिवसीय भव्य तीजा तिहार का आयोजन किया गया है। जिसमें पहले दिन 25 अगस्त की संध्या माँ कल्याणी शीतला के पूजा-आरती के बाद तीजहारिन महिलाओं को करुभात प्रसाद वितरण किया जायेगा। रात्रि 8 बजे भजन संध्या होगा। मंदिर स्थल पर महिलाओं के लिए निःशुल्क मला चक्कर झूला की व्यवस्था होगी। 26 अगस्त की दोपहर 12 बजे से तीजहारिन महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद के तहत गोटा, तिरीपासा, फूगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दौड़ सुईधागा , आलु , जनऊला, सुरीली कुर्सी , गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़ जैसी विभिन्न खेल स्पर्धा होगी। संध्या 6 बजे से माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा तीजा का पूजा-पाठ होगा। रात्रि 8 बजे से खेल कूद की विजेता तीजहारिन महिलाओं को पुष्कृत किया जायेगा। रात्रि में चम्पा बसन छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी ग्राम - भकुर्रा (पथरा टोला) का सांस्कृतिक आयोजन होगा। 27 अगस्त की सुबह माताजी की पूजा-आरती के बाद महिलाओ को फरहार व सुहाग श्रृंगार सामाग्री का वितरण किया जायेगा।

### कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी किया रक्तदान, रविवार को लगाए गए शिविर में 400 यूनिट से ज्यादा ब्लड कलेक्ट

# रक्त ऐसी शक्ति जिसके सृजन करने की शक्ति सिर्फ मनुष्यों के पास, रक्तदान केवल सामाजिक कार्य नहीं मानवता की है सेवा

**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग में रविवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के सहयोग से महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में सुबह से ही रक्तदान करने वालों की भीड़ जुटी। देर शाम तक 400 यूनिट से ज्यादा ब्लक कलेक्ट किया गया। खास बात यह रही कि कलेक्टर अभिजीत सिंह स्वयं आयोजन में शामिल होने पहुंचे।

उन्होंने खुद भी ब्लड डोनेट कर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। अभिजीत सिंह ने कहा कि रक्त एक ऐसी शक्ति है जिसका सृजन करने की शक्ति भगवान ने केवल मनुष्यों को दी है। मनुष्य कितनी भी संपत्ति बना ले, उसे रक्त की आवश्यकता होगी तो मनुष्य की ओर ही देखेगा। कार्यक्रम में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलपति संजय तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक कार्य नहीं है बल्कि यह मानवता की एक बहुत बड़ी सेवा है। रीटा दीदी ने कहा कि दादी प्रकाशमणि ऐसी रियल डायमंड थीं, जो भी उनसे मिलते थे। उन्हें दादी से लाइट और माइट की अनुभूति होती थी। इनरव्हील क्लब की स्नेहा मित्तल ने कहा कि मानव रक्त इतना मूल्यवान है कि एक यूनिट रक्त से तीन- चार मनुष्यों की जान बचाई जा सकती है। रोटली क्लब ऑफ पिनाकल भिलाई की डॉ. पूर्वा रोजिंदार ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज की इस मुहिम से पूरे विश्व में एक बहुत अनोखा संदेश जाएगा। इसका हम हिस्सा बन पाए उसके लिए हम ऋणी हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यह रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। आयोजन में सिविल सर्जन डॉ आशीषन मिंज, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. चुरेंद्र, रुपाली दीदी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से धन्यवाद करता हूं। जीवन और जीवन की शक्ति ही सर्वोपरि है। जीवन रक्षा करने की शक्ति विधाता ने हम मनुष्य को दी है। इस भाव को हम सभी को अपने जेहन में बिठाकर रखना होगा कि मानवता ही सर्वोपरि है।



### रक्तदान को लेकर पूरे देश में अभियान, 1 लाख यूनिट कलेक्शन का लक्ष्य



कार्यक्रम में डॉ पूर्वा रोजिंदार ने कहा रक्तदान करिए, जीवन बचाइए मानवता का फर्ज निभाइए। ब्रह्माकुमारीज के इस मुहिम से पूरे विश्व में एक बहुत अनोखा संदेश जाएगा और इसका हम हिस्सा बन पाए उसके लिए हम ऋणी है।ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय, नव दृष्टि फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनाकल, इनरव्हील क्लब दुर्ग एवं ब्लड सेंटर जिला अस्पताल दुर्ग के सहयोग से किया गया। रूपाली दीदी ने बताया ब्रह्माकुमारीज द्वारा 22 से 25 अगस्त तक एक लाख यूनिट ब्लड इकट्ठा करने की योजना बनाई है। दो दिनों में भारत के 600 स्थानों में 50,000 यूनिट से अधिक ब्लड इकट्ठा किया जा चुका है।

### रक्तदान वर्तमान समय की जरुरत इसे हम सभी को समझना होगा



कुलपति संजय तिवारी ने कहा रक्तदान आज के समय में ऐसी नितांत आवश्यकता बन गई है। हम देखते हैं पहले और आज की तुलना में सड़क दुर्घटना में कितनी वृद्धि हुई है, तो रक्तदान सामाजिक कार्य ही नहीं किंतु यह मानवता की सेवा है। इस शिविर में शाम 6 बजे तक 400 यूनिट से अधिक रक्त कलेक्ट किया गया। नव दृष्टि फाउंडेशन के प्रमुख राज आढ़तिया ने कहा मेरा इस अभियान में विगत 32 वर्षों से योगदान है। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक गरीब बच्ची जो सिकलसेल से पीड़ित थी उसको नियमित रक्त की आवश्यकता होती थी तो पहली बार उसको रक्तदान किया। उसके बाद से इस अभियान की शुरुआत हो गई जो सतत चल रही है। मुझे ऐसा लगता है जब हम किसी की जीवन बचाते हैं तो दुनिया में उससे बड़ी संपत्ति और कोई नहीं है।

## 421वां प्रकाश पर्व...

# पांचवें गुरु अरजन देव ने की थी गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना, अखंड पाठ, कीर्तन के बीच बंटा लंगर



**भिलाई।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब की प्रथम स्थापना के 421 वें प्रकाश पर्व पर हाउसिंग बोर्ड गुरूद्वारे में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त, आकर्षक, सुसज्जित दरबार साहिब में रविवार को गुरु ग्रंथ साहिब के आदर्शों अनुसार देशहित में अपना जीवन समर्पित करने का प्रण लिया गया। 22 अगस्त से अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को भी अखंड पाठ का क्रम जारी रहा। इस दौरान कीर्तन हुए, लंगर लगा। गुरुद्वारा गुरु अरजन देवजी हाउसिंग बोर्ड में रविवार को गुरु ग्रंथ साहिब की सन 1604 ईस्वी में पांचवें गुरु अरजन देव द्वारा दरबार साहिब अमृतसर में की गई थी। प्रथम स्थापना के 421 वें प्रकाश पर्व को अत्यंत प्रेम और सद्भावना से मनाया गया। हाउसिंग बोर्ड गुरूद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब के इस प्रकाश पर्व की विशेषता यह है कि हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे में ऊपर स्थित दरबार साहिब का हाल जो कि पिछले 25 वर्षों से संचालित हो रहा है। उसमें संगत को और अधिक सुविधा देने के उद्देश्य से संगत के सहयोग से कमेटी द्वारा दरबार साहिब को एक नए स्वरूप में सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित एवं आकर्षित रूप से निर्मित किया गया है। उसका उद्घाटन ही इस प्रकाश पर्व में होगा। 21 अगस्त को सुखमनी साहिब के पाठ के साथ गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना इस नवनिर्मित दरबार साहिब में की जा चुकी है। पाठ समाप्ति उपरांत हजूरी रागी कीर्तनी जत्थों द्वारा गुरुबाणी की महिमा का वर्णन किया गया। तत्पश्चात सर्वत्र के भले की अरदास के साथ जीवनशैली को गुरबाणी के उपदेशों अनुसार अपने व्यवहार को ढालकर देश व समाज हित में अपना जीवन समर्पित करने का प्रण लिया गया। अंत में गुरु को भोग लगाकर कढ़ाह प्रसाद एवं लंगर का वितरण किया गया।

- गुरु अरजन देवजी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रहा आयोजन



### त्रिवेणी जैन तीर्थ में आयोजन

# श्वेताम्बर जैन समाज का पर्यूषण पर्व चित्रकला के जरिए उकेरी जा रही प्रतिभा



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 भिलाई में श्वेतांबर जैन मंदिर और स्थानक जैन सकल श्वेतांबर जैन समाज द्वारा 27 अगस्त तक पर्व पर्यूषण की आराधना उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आठ दिनों में अपनी शक्ति अनुसार सभी तप, त्याग, संयम, तपस्या पूर्वक मनाया जाता है। प्रतिदिन शाम के समय 84 लाख जीव योनियों से क्षमा याचना की जा रही है। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 के स्थानक भवन में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से प्रार्थना, मेरी भावना, नवकार मंत्र, गुरु वंदन तथा मंगल पाठ किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्वेतांबर समाज के महावीर बेगानी, मूलचंद बाफना, महावीर सुराना, हुकुमचंद ओसवाल, बाबूलाल सेठिया, गौतम चंद जैन, भावेश शाह सहित अन्य मौजूद थे। जैन मिलन द्वारा रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चे और बड़े वर्ग द्वारा बहुत ही आकर्षक चित्र कला की प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपना उत्कृष्ट का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया।



### संस्कृत प्रदर्शनी का उद्घाटन, विद्यार्थियों की उकेरी प्रतिभाओं को मिली सराहना

# संस्कृत भाषा को बताया- संस्कृति और राष्ट्र का गौरव, प्रदर्शनी लगाकर लोगों को किया जागरूक

## कार्नर न्यूज



**भिलाई।** संस्कृत मित्र मंडलम भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संस्कृत महोत्सव का शुभारंभ संस्कृत प्रदर्शनी के साथ हुआ। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित संस्कृत ग्रीटिंग कार्ड, संस्कृति पोस्ट, शुभकामना संदेश एवं सुलेख ने सभी का मनमोह लिया। विभिन्न विद्यालयों के संस्कृत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। संस्कृत मित्र मंडलम प्रतिवर्ष संस्कृत महोत्सव का आयोजन करता है। इस वर्ष 110 विद्यार्थियों को सीबीएसई परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही ग्रीटिंग एवं संस्कृति पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता और व्यवहार भानु निबंध, लेखन प्रतियोगिता में 180 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्कृत को लेकर अंडा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्ति को मिली प्रशंसा

संस्कृत मित्र मंडल की अध्यक्ष ने कहा संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति और चित्र अत्यंत प्रभावशाली है। डॉ. अजय आर्य ने जानकारी दी कि समारोह में 200 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा संस्कृत भाषा और संस्कृति केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र गौरव की चेतना जगाने वाली जीवनधारा है। कृषि और ऋषि भारतीय संस्कृति की धुरी है। आज संपूर्ण विश्व भारतीय संस्कृति की महानता और उसके मूल्यों को आत्मसात करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। संस्कृत प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षिका रेखा पंड्या एवं आभा चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में संतोष चौबे, वेदप्रकाश, प्रीति भट्ट, वागीश चन्द्र त्रिपाठी, झरना धमदे, मोहिनी लाड़, रेखा पाण्डया, वंदना सिंह, आशा यादव, राजेश्वरी वर्मा, अमित मिश्रा, पंकज सोनी , शीला लाकुडकर आदि मौजूद थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल अंडा में मनाया गया संस्कृत दिवस



**अंडा।** संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है, जिसे हमारी संस्कृति की आत्मा कहा जाता है। हमारी भारतीय संस्कृति में किसी भी कार्य की शुरुआत देव पूजा से की जाती है। इस प्रकार कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या सीमा जाम्बुलकर एवं वरिष्ठ व्याख्याता पद्मावती राव ने मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित एवं पूजन कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत शुभम करोति कल्याणम् श्लोक से की गई। संस्कृत भाषा के महत्व पर दसवीं की छात्रा डुलेश द्वारा प्रकाश डाला गया। संस्कृत भाषा में वार्तालाप नवमी की छात्राएं जिज्ञासा एवं जिया ने किया। संस्कृत में श्लोक एक शक्तिशाली उपकरण है। श्लोक का नियमित जाप ज्ञान एवं एकाग्रता को बढ़ाता है। 11वीं की छात्रा रश्मि एवं वैष्णवी ने संस्कृत में सूक्तियों के महत्व को बताया। इस अवसर पर संस्कृत की व्याख्याता रंजना देवघरे ने कहा की तथ्यों एवं तर्कों के आधार पर संस्कृत भाषा सबसे पुरातन भाषा मानी जाती है, संस्कृत की व्याख्याता कविता लिमजे ने कहा कि संस्कृत को देव भाषा माना जाता है। यह कई भाषाओं की जननी है। अंत में एक रैली का आयोजन भोज साहू एवं एन खान के मार्गदर्शन में किया गया।

## खबर संक्षेप

### परिधि का राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन

**दुर्ग।** जिले की उभरती शतरंज खिलाड़ी कु. परिधि लिलहारे का अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयनित होने पर जिला शतरंज संघ दुर्ग ने बधाई दी है। परिधि ने कोरबा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 के अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 19 जिलों के 199 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। परिधि कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत है। परिधि के पिता लुकेश लिलहारे, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी , दिनेश जैन, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, अजय राय, एसके भगत, संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, जयंता दास, गुलाब चौहान, अनिल शर्मा ने परिधि लिलहारे को बधाई दी है।

### सेन समाज की बैठक 26 को

**भिलाई।** सेलून महासंघ एवं सर्व नाई सेन समाज भिलाई नगर के सभी पदाधिकारियों को एवं सभी गणमान्य सेलून, ब्यूटी पार्लर व्यवसायी एवं सेन समाज के अन्य कार्य करने वालों की बैठक 26 अगस्त मंगलवार को नेहरु नगर चौक स्थित सेन भवन में रखी गई है। जिसमें भिलाई नगर सेलून का ब्लॉक गठन के विषय में विचार विमर्श तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सर्व सेन समाज एवं सेलून महासंघ भिलाई नगर अध्यक्ष यादेश्वर सेन ने दी।

**ट्रेनिंग:** भिलाई मेयर पाल व पार्षद ले रहे हैं इंदौर के स्वच्छता मॉडल की जानकारी

# इंदौर में मॉनिटरिंग के लिए आईसीसीसी कंट्रोल रूम, कचरे से बनी खाद का उपयोग

**नगर निगम के पार्षद दो दिवसीय प्रशिक्षण में सफाई व्यवस्था की ले रहे जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य, समस्त पार्षद गण एवं अधिकारी सहित मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता का द्वितीय दिवस प्रशिक्षण लिया। महापौर सहित सभी पार्षद गण इंदौर शहर के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं होम कम्पोस्टिंग का अवलोकन किए। यहां कचरा कलेक्शन हेतु गाड़ी का समय सारणी एवं रूट निश्चित है और रूट एवं समय अनुसार गाड़ियों का संचालन होता है। सभी गार्बेज वाहन का मॉनिटरिंग आईसीसीसी कंट्रोल रूम से होता है । इंदौर के ज्यादातर घरों में घर से निकले हुए कचरे का उपयोग घर में ही खाद बनाने में किया जाता है।



**गार्बेज कलेक्शन रूम का अवलोकन**

योगेन्द्र दीक्षित द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर गार्बेज कलेक्शन कंट्रोल रूम का अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक द्वारा कंट्रोल सेंटर के कार्यकलाप एवं सारी विधियों को विस्तार से बताया गया। 22 जोन के 85 वार्ड में कचरा इकट्ठा करने हेतु संचालित वाहनों का नियंत्रण यहां से होता है । इसके लिए कंट्रोल सेंटर में 22 कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से कचरा वाहनों का मॉनिटरिंग किया जाता है ।

### कचरे का होता है छह तरह से सेग्रीगेशन

बेसिक्स के प्रतिनिधि गुलाब नागर द्वारा अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया । बापट चौराहा में डोर टू डोर कलेक्शन एंड सेग्रीगेशन देखा गया, इंदौर के रहवासियों के द्वारा अपने ही घर के कचरे को 6 प्रकार से अलग अलग करके नगर निगम की आने वाली गाड़ी में कचरा डाला जाता है और जनसहयोग किया जाता है । ड्राईवर हेल्पर और एनजीओ बेसिक्स के टीम द्वारा प्रति दिवस लोगों से कम्युनिकेशन किया जाता है । साथ ही रहवासियों के द्वारा अपने ही गिले कचरे अपने घर में होम कंपोस्ट कर खाद का उपयोग किया जाता है।

### कचरा बाहर फेंका तो दो लाख तक होगा जुर्माना

इंदौर में कोई भी बाहर कचरा नहीं है फेंकते हैं, कचरा यहां वहां फेंकने पर बड़ी जुर्माना लगाई जाती है । जुर्माना ढाई सौ रुपए से लेकर 2 लाख रुपए तक हो सकती है । आम नागरिक नगर निगम के नियमों का सम्मान करते हुए कार्य करते हैं। योगेन्द्र दीक्षित द्वारा आई सी सी सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ) से किस प्रकार जीपीएस के माध्यम से डिजिटल प्रणाली के द्वारा चलने वाली नगर निगम की कचरा गाड़ियों की मॉनिटरिंग की जाती है और उनकी रिपोर्ट बनाई जाती है, का जानकारी दिया गया है। किसी भी घर का डोर टू डोर कचरा लेना छूट गया तो कन्ट्रोल सेंटर द्वारा हाइटेक सिस्टम जीपीएस से मॉनिटरिंग किया जाता है और तत्काल सूचित कर वहां भेजा जाता है।

### बिना अनुमति जन्मदिन व बधाई का होडिंग्स, बैनर नहीं

यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। होर्डिंग में व्यय होने वाले राशि का उपयोग पुण्य कार्यों एवं जरूरतमंद गरीबों के सहायता के लिए किया जाता है। जिससे सफाई करने वालों के लिए अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ता और उनको हटाने के लिए निगम का अतिरिक्त व्यय नहीं होता है। बिना अनुमति के बेतरतीब बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाने से शहर की खूबसूरती में कमी आती है, जिसको इंदौर निगम ने अपना नियम बनाकर नियंत्रित किया है।

### उद्यान में ही कंपोस्ट पीट का अवलोकन

उद्यान में ऑन साइट कम्पोस्टिंग का अवलोकन किया गया, उद्यान का कचरा जिसे उद्यान में ही कम्पोस्ट खाद बनाया जाता है। कंपोस्ट जिसमें उद्यान से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट को गार्डन परिसर मे कंपोस्ट पीट के माध्यम से निपटान किया जाता है स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्य, जालंधर सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य आधिकारीगण एवं पी आई यू उपस्थित रहे ।

# फिट इंडिया पहल पर साइकिलिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल पर फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से फिट इंडिया कार्यक्रम में साइकिलिंग अभियान का विशेष संडे ऑन साइकिल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे।

■ एसएसपी साइकिलिंग करते दिखे, फिटनेस का दिया सीख

आयोजन में एसएसपी अग्रवाल द्वारा साईकिलिंग सवारों को रवाना करने के पूर्व कहा कि यह फिट इंडिया पहल के तहत साईकिलिंग का आयोजन आज के लिए नहीं है। लगातार अपने शरीर को फिट रखने के लिए है हमें लगातार फिट रहना तो प्रत्येक दिवस फिटनेस के प्रति ध्यान देना होगा। रिटायरमेंट के बाद भी अच्छी जिंदगी का निर्वहन कर सके इसके लिए साइकिलिंग जरुरी है।

अभियान में प्रतिदिन अपने जीवन साइकिल का उपयोग कर अपने शरीर को स्वस्थ रखें। सहायक उप निरीक्षक अनिल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक खोमन प्रसाद पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साईकिल रैली पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग से गांधी चौक से पटेल चौक से गंजपारा चौक वापस-गंजपारा चौक से पटेल चौक से गांधी चौक से पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग तक किया गया। आयोजन में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, लायक राम डहरिया, योगेश कुमार चन्द्रा, वासुदेव बढ़ई कंपनी कमांडर सातवीं वाहिनी छसबल भिलाई समेत पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### महापौर ने महिलाओं संग मनाया करू भात भोज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम की महापौर अलका बाघमार ने रविवार की शाम अपने सरकारी आवास एफ-4 पर विशेष करू भात भोज का आयोजन किया। सभी तीजहारिन को आमंत्रित कर तीजा पर्व से जुड़ी पारंपरिक रस्म निभाई गई।

# विधायक ने भिजवाया तिजहारिनों के लिए घर-घर करेला, दो हजार किलो खेप रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले 25 वर्षों से तीजा पर्व के लिए करेला का निःशुल्क वितरण कर रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन इस वर्ष लगभग 2 टन करेला मंगवा चुके हैं। वैशाली नगर विधानसभा में वार्ड वार्ड होते हुए घर घर यह करेला तीजहारिन महिलाओं के लिए पहुंच रहा है।

■ 2 टन करेला मंगवा चुके, एक-एक किलो का बनाया पैकेट



बता दें कि तीजा के पर्व पर करेले को विशेष महत्व दिया जाता है, खास तौर पर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जहाँ करू भात की परंपरा है। उपवास से पूर्व करेला के प्रयोग के दो मुख्य कारण हैं - पहला, करेला खाने से निर्जला व्रत के दौरान प्यास नहीं लगती है क्योंकि यह शरीर में तरल पदार्थ का उत्सर्जन करता है और दूसरा, करेले की कड़वाहट को मन की शुद्धता और शांत करने के लिए एक प्रतीक माना जाता है।

करेले की कड़वाहट को मानसिक शुद्धता से जोड़ा जाता है। पर्व पर महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए तीज व्रत करती हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 25 साल से लगातार पार्षद से लेकर आज तक तीजा के पहले करेला का वितरण करते हैं। तीजा के दौरान अचानक करेला महंगा होने से तिजहारिन माता बहनों को कडू भात खिलाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए एक एक किलो का पैकेट हम पूरे वैशाली नगर विधानसभा में पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को व्रत पूर्व माता बहनों को करू भात खाना है, तो उससे पहले करेला हम घर घर तक पहुंचवा रहे हैं। विधायक रिकेश सेन ने वार्डवार घर-घर व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए एक-एक किलो करेला का पैकेट रवाना किया है।

# शहर की जरुरतों पर सभापति ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम अरुण साव से सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों के साथ मुलाकात कर मांग पत्र सौंपकर विकास कार्य राशि के लिए निवेदन किया। उन्होंने विकास कार्यों के लिए राशि आबंटन को लेकर डिप्टी सीएम से चर्चा की। इस दौरान काशीराम कोसरे, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, गुलशन साहू, रेशमा सोनकर, गुलाब वर्मा, मनोज सोनी, सरस निर्मलकर, जितेंद्र ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष कमलेश फोखर सहित आदि मौजूद रहें।

सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि शहर के समग्र विकास कार्यों को गति देने एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन से विभिन्न मदों से राशि आबंटन की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्युत सामग्री उपलब्ध न होने से वार्डों एवं प्रमुख मार्गों की



प्रकाश व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अनेक स्थानों पर अंधेरे की स्थिति बन रही है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राशि स्वीकृत होते ही प्राथमिकता के आधार पर विद्युत सामग्री खरीदी जाएगी और सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि पर्याप्त एवं व्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था से नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। इसी प्रकार तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का विषय भी निगम की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। तालाब केवल जल संरक्षण के साधन ही नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर भी हैं।

# ईडी ट्रॉफी कार्यकौशल स्पर्धा 4 सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा गैर-कार्यपालक कर्मियों के लिए कार्यपालक निदेशक ट्रॉफी कार्यकौशल प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की गई। प्रतियोगिता 4 से 13 सितम्बर तक मानव संसाधन विकास केन्द्र वर्कशॉप में संपन्न होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मियों की तकनीकी दक्षता, प्रतिभा एवं नवाचार को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें।

■ मानव संसाधन विकास केंद्र में होगी वर्कशॉप

यह प्रतियोगिता कारपेंटरी, कंप्यूटर (प्रोग्रामिंग), कंप्यूटर (ऑफिस ऑटोमेशन), इलेक्ट्रिशियन, फिटिंग, हाइड्रोलिक्स, मशीनिंग, मटेरियल हैंडलिंग, पी.एल.सी., टर्निंग तथा वेल्डिंग जैसे कुल ग्यारह तकनीकी ट्रेडों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के संयोजक महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन–एलएंडडी) संजीव कुमार श्रीवास्तव को नामित किया गया है। इनके साथ महाप्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) मुकुल सहारिया तथा सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) सैफुद्दीन फजली, सेक्शन एसोसिएट प्रवीण कुमार एवं सरजेश कुमार समन्वयक होंगे। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया बीएसपी इंट्रानेट होमपेज (ई–सहयोग) पर आरम्भ हो चुकी है, जो 31 अगस्त तक जारी रहेगी। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने कर्मियों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें इसमें भाग लेने के लिए सहयोग करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निष्पक्षता एवं प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता के लिए विस्तृत प्रावधान किए गए हैं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु.5,000, रु.4,000 एवं रु.3,000 के नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। किसी विशेष ट्रेड में प्रतिभागियों की संख्या 30 से अधिक होने पर चौथे एवं पाँचवें स्थान पर आने वालों को भी ट्रॉफी और रु.2,000 की राशि दी जाएगी। साथ ही उपयुक्त संख्या के अनुसार अतिरिक्त प्रतिभागियों को रु.1,000 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धी भावना बनाए रखने हेतु मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कर्मचारी तथा विगत वर्ष के प्रतियोगिता के 2024-25 संस्करण में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले इस वर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

# सीएससी संचालक अब नहीं कर सकेंगे अधिक वसूली

रिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग ने प्रदेश के सभी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि श्रमिकों से पंजीयन एवं यो ज ना आवेदन के लिए केवल निर्धारित शुल्क ही वसूला जाए। यह निर्देश हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जारी किए गए हैं, जिनमें पाया गया है कि कुछ सीएससी संचालकों द्वारा 1000 से 1500 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि विभाग द्वारा अधिकतम 20 से 30 रुपए शुल्क ही निर्धारित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सीएससी संचालकों को पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित शुल्क की दरें सूचना बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होंगी। यदि कोई संचालक तय शुल्क से अधिक राशि वसूलते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।श्रमिकों और हितग्राहियों को श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से जागरूक किया जाएगा और सभी श्रम कार्यालयों एवं श्रम संस्थानों से ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

■ श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार इस दिशा में निगरानी और निरीक्षण की प्रक्रिया को और सख्त किया जा रहा है। जिलास्तर पर कलेक्टर के संज्ञान में लाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सीएससी संचालकों और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। पोर्टल पर दर्ज पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्वीकृति या निरस्तीकरण की भी रैंडम आधार पर जांच की जाएगी। साथ ही शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष तंत्र तैयार किया जा रहा है।

# मेडिकल व बिजली कार्यों के लिए कर्मियों को नहीं होगी असुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन ने कर्मचारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक नया ऐप जारी किया है। ऐप को इंस्टॉल करने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के चार अलग-अलग सीन दिखेंगे। एक पेज खुलेगा, जिस पर ई सहयोग, टेलीफोन डायरेक्टरी, अटेंडेंस रिकॉर्ड, दूसरे प्लांट से स्थानांतरित होकर आए कर्मचारियों का फॉर्म 16, पेमेंट स्लीप, सेल पेंशन, सेवा निवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए अग्रज संवाद, के अलग-अलग बॉक्स दिखेंगे। कर्मचारी जिस बॉक्स पर क्लिक करेंगे संबंधित पेज खुल जाएगा।

■ एचएमएस ने जारी किया ऐप



एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व भी यूनियन द्वारा ऐप बनाया गया था लेकिन बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपग्रेड करते हुए संबंधित पोर्टल का आईपी ऐड्रेस बदल दिया था। वर्तमान में कर्मचारियों को अलग-अलग पोर्टल के लिए अलग-अलग आईपी एड्रेस अपने मोबाइल में सुरक्षित रखना पड़ता है । इससे कर्मचारियों को मोबाइल मैं कार्य करने में असुविधा हो रही है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा एम सहयोग ऐप जारी किया गया है लेकिन इस ऐप के द्वारा मेडिकल टोकन बुकिंग, ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मीटर रीडिंग एंट्री, अटेंडेंस रिकॉर्ड, छुट्टी का आवेदन, को ना ही देखा जा सकता है।

### बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी इंट्री

यूनियन द्वारा जारी इस नए ऐप के माध्यम से कर्मचारी मोबाइल पर कभी भी 24 गुना 7 इसे देख सकते हैं तथा कार्य कर सकते हैं। जो एंट्री मोबाइल पर करेंगे वही एंट्री बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी। ऐप से संबंधित यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या हो तो यूनियन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। कर्मचारी सुविधा के लिए यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक मुदलियार से संपर्क कर अपनी समस्या का निवारण कर सकते हैं।

**लंबित वेतन समझौतों को जल्द पूरा करने की अपील, अन्य मुद्दों पर भी चर्चा**

# टाउनशिप की जमीन हस्तांतरण के मुद्दे को लेकर सांसद मिले इस्पात मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सांसद विजय बघेल ने पिछले दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात की। भिलाई टाउनशिप के विकास को लेकर चर्चा की। मुख्य रूप से टाउनशिप की जमीन की लीज नवीनीकरण का मुद्दा प्रभावीढंग से रखा।

■ लीज नवीनीकरण का मुद्दा रखा



लीज नवीनीकरण से भिलाई टाउनशिप में स्थित सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संस्थान एवं आवासीय भवनों के लीज नवीनीकरण का रास्ता सुलभ हो सकेगा। वर्तमान में लीज अवधि का प्रथम चरण 30 अथवा 33 वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान बाजार दर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रीमियम की मांग की जा रही है, जो लीजधारकों के मुताबिक न्याय संगत नहीं है। इससे छोटे व्यापारी एवं आवासीय भवनो को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर निगम रिसाली के जमीन हस्तांतरण का मुद्दा माननीय सांसद ने प्रमुखता से रखा।

अवगत कराया गया कि सघन बसाहट श्रमिक बस्ती, नेवई बस्ती, मरोदा इत्यादि वार्ड शीघ्र राज्य सरकार को हस्तांतरित की जाए। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा योजना व अन्य मूलभूत विकास योजना का लाभ इस क्षेत्र के रहवासियों को मिल सके। सांसद ने अतिरिक्त सेल के गैर कार्यपालिक कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौतों को शीघ्र पूरा किये जाने का अनुरोध किया। जानकारी दी कि विगत 39 माह का बकाया फिटमेंन्ट एरियर्स एवं परफार्मेन्स एरियर्स की राशि का शीघ्र भुगतान हो सकेगा।

साथ ही गृह भाड़ा भत्ता एवं अन्य नियम लागू करने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मचारियों को जिन्होंने इस्पात के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत छत की सुविधा भी उपलब्धता हो सके। इसके लिए पूर्व कर्मचारियों को 650 वर्गफीट तक के आवास लाइसेंस पर उपलब्ध करने की मांग की गई। सेक्टर-9 हॉस्पिटल में चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की सम्पूर्ण सुविधाएं होने की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भिलाई स्टील सिटी चेम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, विधि सलाहकार स्टील सिटी चेम्बर पीयूष जैन, हिमांशु चौबे, प्रणव शर्मा व रोशन ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल्द मिल सकेगी अनापत्ति

सांसद ने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आंगनबाड़ी भवन, शासकीय महाविद्यालय, शासकीय पुस्तकालय, नांलदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, खुर्सीपार स्टेडियम निर्माण, नगर पालिका परिषद अहिवारा में विभिन्न जनउपयोगी निर्माण कार्य आईटी पार्क जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों द्वारा भवन निर्माण की अनापत्ति शीघ्र मिल सकेगी। इसके साथ ही भिलाई हुडको में निवासरत निवासियों की वर्षो पुरानी समस्या सीवरेज निकासी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

